हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

बुलेटिन-भाग-2

(संसदीय एवं अन्य विषयों सम्बन्धी सामान्य सूचना)

सोमवार, 1 अगस्त, 2016/10 श्रावण, 1938 (शक्)

संख्या : 377

सुरक्षा व्यवस्था हेतु पग

माननीय सदस्यों की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु कारगर पग उठाने अनिवार्य हो गए हैं ताकि किसी प्रकार की कोई क्षति किसी को न पहुंचे। अतः सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ कर दी गई है एवं माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि आगामी सत्र की अवधि के दौरान विधान सभा परिसर में अवांछित भीड़ को रोकने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अनुकम्पा करें। इस हेतु समस्त माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि विधान सभा की दर्शक दीर्घाओं में प्रतिदिन तीन से अधिक आगन्तुकों के प्रवेश हेतु प्रपत्र हस्ताक्षर/अनुमोदित न करें। साथ ही विभिन्न पार्टियों के सदस्यों हेतु विधान सभा पुस्तकालय भवन में आबंटित कक्षों के अन्दर किसी आगन्तुक को सत्र के दौरान न तो प्रवेश के लिए कहें और न ही उन स्थानों में बैठाएं ताकि सुरक्षा बनाए रखने में किसी भी प्रकार की बाधा न हो।

सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा।